प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 03.10.2023 समय : 01:00 पी.एम.

राज्य सरकार ने पांच जिलों के कलेक्टर सहित भारतीय प्रशासनिक सेवा के बीस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इसके अलावा छह जिलों के पुलिस अधीक्षकों सहित भारतीय पुलिस सेवा के बीस अधिकारियों का तबादला किया गया है। इनमें दो डीआईजी रैंक के अधिकारी भी शामिल हैं। आरूषि मलिक को जयपुर का नया संभागीय आयुक्त बनाया गया है। कृष्ण कुणाल को अल्प संख्यक मामलात और वक्फ विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। संदेश नायक को राजफैड में प्रबंध निदेशक के पद पर और खजान सिंह को राजस्थान कर बोर्ड के सदस्य के पद पर लगाया गया है।

000

राजस्थान आर्थिक परिषद की 42वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस अब से कुछ देर में कोटा के महावीर खुला विश्वविद्यालय में शुरू होगी। दो दिन की कॉन्फ्रेंस में देश के कई राज्यों से आर्थिक विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। कॉन्फ्रेंस की थीम "विश्व आर्थिक मंच पर भारत" रखी गई है। इसमें राजस्थान आर्थिक परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर एचडी माथुर और प्रोफेसर विनेश कुमार कथूरिया समेत तकरीबन दो सौ प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

000

राज्य मंत्रिमंडल ने राजस्थान वक्फ नियम–2023 का अनुमोदन कर दिया है। सूचना और जनसम्पर्क विभाग के अनुसार इन नियमों के लागू होने से राज्य में वक्फ कार्य अधिक सुगमता, स्पष्टता और पारदर्शिता के साथ हो सकेंगे। गौरतलब है कि केन्द्रीय वक्फ अधिनियम–1995 की धारा 109 में वक्फ के संचालन के लिए नियम बनाने की शक्ति राज्य सरकार को दी गई है।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए भारतीय खिलाड़ियों को बधाई दी है। आज सोशल मीडिया पोस्ट की एक श्रृंखला में, श्री मोदी ने एशियाई खेलों में महिलाओं की तीन हजार मीटर स्टीपलचेज़ स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल करने के लिए प्रीति लांबा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रीति लांबा की अटूट दृढ़ता और दृढ़ संकल्प प्रेरणा की किरण के रूप में चमक रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 4 गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले स्पर्धा में रजत पदक जीतने के लिए मुहम्मद अजमल, विद्या रामराज, राजेश रमेश और वेंकटेशन शुभा को भी बधाई दी।

000

चीन के हांगझाऊ में चल रहे एशियाई खेलों में भारतीय शटलर एचएस प्रणय और पीवी सिंधु ने आज बैडमिंटन प्रतियोगिता में अपने–अपने प्रतिद्वंद्वियों पर सीधे जीत के साथ पुरुष और महिला एकल प्री–क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगोलिया के बटदावा मुंखबत को 25 मिनट तक चले मुकाबले में 21–9, 21–12 से हरा दिया। पीवी सिंधु ने दुनिया की 21 वें नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपे के वी ची सू को 21–10, 21–15 से हराया। उधर, भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपने आखिरी पूल ए मैच में हांगकांग पर 13–0 की शानदार जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वहीं भारतीय महिला तीरंदाज ज्योति सुरेखा ने महिला व्यक्तिगत तीरंदाजी स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। सेमीफाइनल मुकाबले में ज्योति ने अदिति गोपीचंद को 149–146 से हराया। भारत ने एशियाई खेलों में अब तक 61 पदक अपने नाम कर लिये हैं, जिसमें 13 स्वर्ण, 24 रजत और 24 कांस्य पदक शामिल हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिले स्मृति चिन्हों की ई–नीलामी आम जनता के लिए शुरु हो गई है। बोलियां इस महीने की 31 तारीख तक जारी रहेंगी। इस नीलामी से एकत्रित धनराशि गंगा नदी को पुनर्जीवित करने के लिए नमामि गंगे परियोजना पर खर्च की जाएगी। नीलामी के इस 5वें संस्करण में 100 रुपये से लेकर 65 लाख रुपये तक के स्मृति चिन्ह उपलब्ध हैं। नई दिल्ली में नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट में इन स्मृति चिन्हों की एक प्रदर्शनी आयोजित की गई है। इसमें ऐसे डेढ़ सौ से अधिक स्मृति चिन्ह हैं, जो राष्ट्र की सांस्कृतिक जीवंतता की झलक प्रदान करते हैं।

000

प्रदेश में सुबह शाम गुलाबी ठंड का असर महसूस होने लगा है। हालांकि दोपहर में गर्मी का असर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सैल्सियस के

आस–पास रिकॉर्ड किया जा रहा है। करौली के कृषि विज्ञान केन्द्र पर पिछले 24 घंटों में सबसे कम 18 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बारां के अंता में 19 दशमलव 1 और सीकर के फतेहपुर में 19 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। अधिकतम तामपान भी ज्यादातर स्थानों पर 35 डिग्री सैल्सियस के आस–पास बना हुआ है।

000